हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025



### प्रशासन ने जब्त किया धान, व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

# घुमका खरीदी केंद्र में डंप मिला व्यापारी का 517 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेंद्र यादव के कोचियों के खिलाफ अभियान को मिल रही सफलता के बीच प्रशासन ने अब खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया है। मंगलवार की देर शाम प्रशासन की 30 सदस्यीय टीम ने घुमका खरीदी केंद्र पहुंचकर वहां का भौतिक सत्यापन किया। देर रात तक चली इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में गड़बड़ी भी सामने आई है।

टीम ने पाया कि केंद्र में खरीदे गए धान के मुकाबले 16 लाख रुपए से अधिक लागत का 517 क्विंटल अतिरिक्त धान डंप है। ऐसे में जब इस धान की जांच पड़ताल की गई तो बगैर एंट्री यह धान खपाने की मंशा से डंप किया गया था, जिस पर कार्रवाई करते जहां धान को जब्त कर लिया गया। वहीं संबंधित व्यापारी के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर राजस्व एवं खाद्य की संयुक्त जांच टीम बनाकर उपार्जन केंद्र घुमका भेजा गया था। भौतिक सत्यापन के दौरान टीम ने यह देखा कि घुमका खरीदी केंद्र की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार तक केंद्र में 357 किसानों से कुल 21166 क्विंटल धान खरीदा गया है, परन्तु जब बोरो की गिनती की गई तो पाया गया कि केंद्र में 1294 बोरा यानि लगभग 517 क्विंटल धान अधिक डंप था। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अवैध धान विक्रय करने की मंशा से धान डंप किया गया था।



### 30 सदस्यीय टीम ने की जांच

कलेक्टर के निर्देश पर भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू किया गया है। मंगलवार को 30 सदस्यीय टीम घुमका खरीदी केंद्र पहुंची, जहां उन्होंने रात दो बजे तक अपनी जांच पड़ताल जारी रखी। इस दौरान खरीदे गए धान के बोर गिनने के साथ ही उसका खरीदी डायरी से मिलान किया गया। जिसमें ही यह गड़बड़ी सामने आई।

### जिलेभर में जांच जरूरी

प्रशासन की टीम ने घुमका खरीदी केंद्र में सत्यापन का कार्य किया तो बड़ी मात्रा में गड़बड़ी सामने आई। इससे यह समझा जा सकता है कि जब एक खरीदी केंद्र में इतनी गड़बड़ी सामने आई है तो जिले के बाकी खरीदी केन्द्रों में कितना गड़बड़ किया जा रहा होगा। यही कारण है कि अब प्रशासन की टीम आने वाले दिनों में और भी केंद्रों में दबिश देकर सत्यापन का कार्य करेगी।

### दूसरे दिन भी जारी रही कार्रवाई

घुमका खरीदी केंद्र में मंगलवार देर शाम पहुंची टीम ने दूसरे दिन बुधवार को भी अपनी कार्रवाई जारी रखी। दूसरे दिन दो तहसीलदार और आठ कर्मचारियों की तीन टीम घुमका खरीदी केंद्र में धान बेचने वाले बड़े किसानों के भौतिक सत्यापन में जुटी रही। टीम ने यह देखा कि अब तक धान बेच चुके किसानों के खेत में फसल तो नहीं है। वहीं धान के लिए टोकन लेने वाले किसानों के खेतों की भी पड़ताल की गई।

### तीन प्रबंधकों को मिला प्रशस्ति पत्र

इधर जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने जिले के तीन समिति प्रबंधकों को रकबा समर्पण के संबंध में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए प्रशस्ति पत्र दिया। इनमें कुहीकला के समिति प्रबंधक हरनारायण रामटेके, जोशीलमती समिति प्रबंधक गणपतराम सिन्हा और गहिराभेडी समिति प्रबंधक बसंत साहू शामिल हैं। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 20167 किसानों ने धान बेचा है। इनमें से 4236 किसानों द्वारा 333.602 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है।



### 20 लाख रुपए का साढ़े 6 सौ क्विंटल धान जब्त

इधर प्रशासन की टीम ने बुधवार को भी अवैध धान के खिलाफ कार्रवाई की। बुधवार को छह प्रकरण में प्रशासन की टीम ने 20 लाख रुपए कीमत का साढ़े छह सौ क्विंटल धान को जब्त किया है। इसमें राजनांदगांव ब्लॉक में दो प्रकरण में 565 क्विंटल, डोंगरगढ़ ब्लॉक में तीन प्रकरण में 74 क्विंटल और डोंगरगांव ब्लॉक में एक प्रकरण में 10 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जबकि अब तक प्रशासन की टीम ने कार्रवाई में 144 प्रकरण के तहत लगभग साढ़े पांच करोड़ का 17621 क्विंटल धान जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान आठ वाहन भी जब्त किए गए हैं।



### खरीदी केंद्रों में आवक बढ़ी

बुधवार तक राजनांदगांव जिले में 21582 किसानों से 1106537 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 10749 किसानों से 650874 क्विंटल धान लिया गया है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 5194 किसानों से 243336 क्विंटल धान लिया गया है। ज्ञात हो कि आगामी 31 जनवरी तक किसानों से खरीदी होनी है। वहीं धान बेचने के बाद किसानों से लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली भी की जा रही है। अब तक तीन जिले में 140 करोड़ रुपए वसूले गए हैं।

# आदिवासियों की रक्षा, विकास के लिए सरकार संकल्पित

### अंबागढ़ चौकी बनेगा राजस्व अनुभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी क्रिकेट मैदान में आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

श्री साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। विशेष अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक संजीव शाह, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, छग पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल, जिपं उपाध्यक्ष भोजेश शाह, गुलाब गोस्वामी, महापौर मधुसूदन यादव, किरण वैष्णव, संजीव शाह, एमडी ठाकुर, देवलाल ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। समारोह में अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनजातीय समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित करने के अलावा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### 475 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री श्री साय ने 475 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया। श्री साय ने अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुभाग बनाने तथा अंबागढ़ चौकी में सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम निर्माण करने की घोषणा की। समारोह में साय ने वर्चुअल माध्यम से महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के हितग्राहियों के खाते में के 22वीं किस्त की राशि का अंतरण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने अंबागढ़ चौकी जिलेवासियों एवं आदिवासी समाज कि लोगों को जनजाति गौरव सम्मान समारोह की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### राज्य में व्यापक परिवर्तन

कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप आज संपूर्ण देश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य में भी व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। डॉ.सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में जनजाति समाज के अलावा संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विकास नई इबारत लिखी जा रही है। जिसके फलस्वरूप आज बस्तर से लेकर सरगुजा तक राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक देश एवं प्रदेश में जो नक्सलवाद का तांडव चल रहा था। दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छा शक्ति एवं ठोस रणनीति के फलस्वरूप अब नक्सलवाद समाप्ति की ओर है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी का निरीक्षण



**चिचोला।** महराजपुर सोसायटी का लालबहादुर नगर स्थित जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक ने निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों द्वारा बेचने लाए गए धान को देखा। समिति प्रबंधक केजराम यादव ने किसानों से साफ और सूखा धान लाने का आव्हान किया है।

### रंगोली बनाकर दी एड्स की जानकारी

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में गत दिनों विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जन कल्याण सामाजिक संस्थान ने संगोष्ठी का आयोजन किया। बच्चों द्वारा रंगोली बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों को एड्स के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य सविता अवस्थी, सरपंच नीलिमा साहू, टीएल चंद्राकर, रमनसिंह राजपूत, योगेन्द्र प्रताप सिंह, उमेश साहू, आनंद श्रीवास, गंगाधर गुरु, सुरेखा देवांगन, श्रीमती पगारे, रेवा साहू, चित्ररेखा साहू, काजल चतुर्वेदी उपस्थित थे।



### स्वयं सेवकों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण

**डोंगरगांव।** राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग की आपदा मित्र योजना अंतर्गत रासेयो स्वयंसेवकों ने 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र बरगा में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की बालक एवं बालिका इकाई के 22 स्वयं सेवक शामिल हुए। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, आगजनी, आकाशीय बिजली आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के उपाय के संबंध में जानकारी दी। आगजनित दुर्घटनाओं से कैसे बचे? फायर ब्रिगेड का उपयोग कैसे करें? के बारे में गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षण में अंकुश दीक्षित, अविनाश साहू, परमेश्वर, केवल पटेल, ओमप्रकाश साहू, डिवेंद्र कुमार, करण कुमार, मिथलेश, मोहनलाल, युवराज, संजय, यशवंत, स्वाति, काजल, डिंपल, दुर्गेश्वरी, पूजा, लक्ष्मी, भूमिका, अंबिका, पायल, टोमेश्वरी आदि शामिल हुए।



### मेरठ में ममता सम्मानित

**टाटेकसा।** दिव्यांग कल्याण समिति मेरठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 90 फीसदी दिव्यांग ममता चंद्रवंशी को कई उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। उनका मेरठ के अटल सभागार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में सम्मान हुआ। उन्हे ऋषि मिश्रा, हेमंत तिवारी, यामिनी साहू, सोनकुमार सिन्हा, बीपी मिश्रा आदि ने बधाई दी है।



### ऋषि मिश्रा दिव्यांग रत्न से सम्मानित



**डोंगरगढ़।** दिव्यांग कल्याण समिति मेरठ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में 80 प्रतिशत दिव्यांग ऋषि मिश्रा ने पैरा खेल के क्षेत्र, दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते अटल सभागार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर उन्हे हेमंत तिवारी, यामिनी साहू, सोनकुमार सिन्हा, बीपी मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

### संचार साथी ऐप पर आपत्ति

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने संचार साथी एप पर आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से केन्द्र सरकार सुरक्षा के नाम पर नागरिकों की निजी जानकारी तक पहुँच बनाना चाहती है, जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि यह ऐप जिस प्रकार कॉल, एसएमएस लॉग, फोटो-फाइल, कैमरा और स्वतः एसएमएस भेजने जैसी अनुमतियाँ मांग रहा है, वह स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐप बिना स्पष्ट सहमति के मोबाइल नंबरों को पंजीकृत करता है और उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों की गहन निगरानी का मार्ग खोलता है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था फ्रॉड रिपोर्टिंग के नाम पर सरकार को नागरिकों की दिनचर्या, संपर्कों और फोन उपयोग की विस्तृत जानकारी देने जैसा है।



### कॉलेज में आनंद मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़।** कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में गत दिनों आनंद मेला का आयोजन प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ हेमलता गायकवाड़ के मार्गदर्शन में किया गया। आनंद मेला में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मनोरंजन के साधनों एवं छिंद के पत्तों से निर्मित कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में प्रो मनोहर बोकडे, बीआर चंद्रवंशी, अरुण साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, डॉ. कविता यदु, राहुल यादव, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रीति साहू, गौतम राव, रूपेश बांसोड़, सुभाष ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए।



### जनभागीदारी मद से दिया ग्रास कटर मशीन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम की नियमित सफाई के लिए जनभागीदारी समिति मद से ग्रास कटर मशीन दी गई। यह मशीन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने महाविद्यालय को सौंपा। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती, प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर सहित खिलाड़ी उपस्थित थे। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर ने बताया कि ग्रास कटर मशीन उपलब्ध होने से स्टेडियम की सफाई में में गति आएगी तथा खेल गतिविधियों के लिए स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण तैयार होगा।



### सीमेंट फैक्ट्री स्थापना से गरमाने लगा माहौल

# सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जनसुनवाई निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक मे प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री को लेकर क्षेत्र में बढ़ते आक्रोश के बीच युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनभावना की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जताई।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जुलाई 24 में बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर ग्रामीणों का विरोध दर्ज कराया गया था, इसके बाद अगस्त 24 में कलेक्टर को औपचारिक रूप से सम्पूर्ण जानकारी भी सौंप दी गई थी। इतना ही नहीं प्रेस वार्ता कर भी प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ जनता की चिंता स्पष्ट रूप से रखी गई थी। इसके बावजूद डेढ़ साल बीत जाने तक प्रशासन ने न तो किसी ग्राम में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और न ही उनकी आपत्तियों पर कोई बैठक की, जिससे पूरे क्षेत्र में भारी असंतोष फैल रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अब पर्यावरण विभाग द्वारा 11 दिसंबर 25 को जनसुनवाई की घोषणा कर देना ग्रामीणों की भावनाओं की अवहेलना है। विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली, संडी सहित दर्जनों ग्रामों के हजारों लोग पहले ही फैक्ट्री का विरोध कर चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सीमेंट फैक्ट्री शुरू होने से खेती-किसानी को नुकसान, जलवायु प्रदूषण में बढ़ोतरी, पशुपालन पर दुष्प्रभाव और रोजगार पर संकट जैसे गंभीर परिणाम सामने आएंगे। प्रशासन जनता की आवाज सुने बिना औपचारिकता निभाने में जुटा है, जो लोकतांत्रिक ढांचे के लिए ठीक नहीं है।

### मौके पर जाकर सुनी जाए आपत्ति

युवा कांग्रेस ने कलेक्टर से मांग की कि 11 दिसंबर की जनसुनवाई को तत्काल रद्द या स्थगित किया जाए, और उससे पहले प्रशासन सीधे गांवों में जाकर ग्रामीणों की वास्तविक आपत्तियां सुने। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जनभावना को दरकिनार कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, तो युवा कांग्रेस एवं ग्रामीण बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिपं सदस्य शताक्षी सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी विजय वर्मा, नित्यशरण सिंह, रिंकू गुप्ता, शुभम वर्मा, केदार जंघेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### विधायक ने भी खोला मोर्चा, जनसुनवाई टालने की मांग

संडी लाईम स्टोन खनन क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट कंपनी की जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश अब प्रशासन तक पहुंच गया है। इसी मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने 11 दिसंबर को निर्धारित जनसुनवाई की तिथि आगे बढ़ाने की स्पष्ट मांग की गई है, ताकि ग्रामीणों की वास्तविक भावनाओं और समस्याओं को सुना जा सके। साथ ही खनन परियोजना से संबंधित गाइडलाइन जो अंग्रेजी में जारी की गई है, उसे ग्रामीणों की समझ हेतु हिंदी में उपलब्ध कराने की मांग की गई। 404 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में प्रस्तावित इस खनन प्रोजेक्ट की उत्पादन क्षमता 3.34 मिलियन टन प्रतिवर्ष बताई गई है। यही कारण है कि ग्रामीण शुरुआत से ही पर्यावरण, भू-जल स्तर, कृषि भूमि एवं स्थानीय जीवन पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-किसानी के चरम सीजन में जनसुनवाई आयोजित करना अनुचित है। अधिकांश किसान खेतों में व्यस्त हैं ऐसे में वे अपनी आपत्तियाँ और सुझाव समय पर प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि ग्रामीण इस समय कृषि कार्यों में पूरी तरह व्यस्त हैं। ऐसे संवेदनशील समय में जनसुनवाई रखने से न सिर्फ किसान अपनी बात रखने से वंचित होंगे, बल्कि बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए शांति-व्यवस्था बनाए रखना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तिथि आगे बढ़ाने की मांग की। वही ग्रामीण प्रतिनिधियों ने बताया कि परियोजना को लेकर गांवों में लगातार बैठकें हो रही हैं और लोग खुलकर अपने विरोध व आशंकाएँ व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि जनसुनवाई एक लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे ऐसे समय में आयोजित किया जाना चाहिए जब सभी लोग उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें। इस दौरान नीलाम्बर वर्मा, संडी सरपंच कैलास वर्मा, तिलक मानसिंह, रोशन, हरिराम, नारायण वर्मा, तीजराम, खेलाम यादव, भोजराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक दिन में सिर्फ 4 टोकन से हो रही धान खरीदी

**खड़गांव।** धान खरीदी उपकेंद्र में प्रतिदिन 4 टोकन काटने का एवरेज निर्धारित है। केन्द्र इंचार्ज सदासिंह टेकाम ने बताया कि किसानों धान बेचने लगातार पहुंच रहे है किन्तु नियमानुसार 393 क्विंटल खरीदी के लिए लगभग 4 टोकन कट रहा है। कम्प्यूटर आपरेटर ने बताया कि किसानों को सभी सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य समय पर किया जा रहा है। बारदाना इंचार्ज लोकेश यादव ने बताया कि खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है। किसान ने व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि प्रतिदिन मात्र 4 टोकन कट रहा है जिससे धान बेचने में विलंब हो रहा है। उन्होंने प्रतिदिन 10 टोकन काटने की व्यवस्था बनाने की मांग की है ताकि धान बेचने में सुविधा हो।



### ढारा पंचायत के कामों की जांच शुरू

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत ढारा में 2020 से 22 तक कराए गए कार्यो की जांच शुरू हो गई है। भाजपा नेता की शिकायत के बाद जिला स्तर की अधिकारियों की टीम जांच करने गांव पहुंची थी। जानकारी के अनुसार तत्कालीन सरपंच ने स्वीकृत कार्यो की आड़ में निजी फर्म से सामान सप्लाई दर्शा कर अपने रिश्तेदारों के नाम से राशि का आहरण किया है। पंचायतो के कार्य में गड़बड़ी का आरोप ग्रामीणों ने भी लगाया था, किंतु जांच में लीपापोती कर जनपद के तत्कालीन अधिकारियों ने मामले को रफा दफा कर दिया था। ढारा के ग्रामीणों ने जांच करने पहुंचे अधिकारियों के आाने की पुष्टि की है।

### सरकारी जमीन से मुरूम का बेजा खनन

**डोंगरगढ़।** सरकारी जमीनों से अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुसरा क्षेत्र में रेल्वे लाईन के किनारे स्थित शासकीय जमीनों एवं तालाबों के आसपास से बड़े पैमाने में मुरूम की खुदाई किया जा रहा है। अवैध खनन को आसपास के पंचायत प्रतिनिधियों का संरक्षण हासिल है। पूर्व में इस मामले की ग्रामीणों से शिकायत मिलने के बाद अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर जाकर जेसीबी सहित 4 हाईवा जप्त किया था। जानकारी के अनुसार कार्रवाई के बाद राजस्व कार्यलय के एक कर्मचारी और कुछ जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में अवैध खनन निरंतर जारी है। ग्रामीणों ने बताया की मुसरा के आसपास से फलदार वृक्ष एवं पीपल के पेड को भी उखाड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम पंचायत में की है किन्तु पंचायत ने कार्यवाही लंबित होना बताकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। इसी प्रकार मुसरा, बरनारा कला में अवैध खनन की शिकायत होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### कार्रवाई से धान के कारोबारियों में हड़कंप

**डोंगरगढ़।** एसडीएम एम भार्गव की सक्रियता से अवैध कारोबार करने वाले व्यापारियों में हडकंप मच गया है। धान खरीदी, अवैध खनन के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी के साथ तहसीलदार, आरआई, पटवारी, फूड इंस्पेक्टर, कृषि विस्तार अधिकारियों की टीम दौरा कर काले कारोबार पर नजर रखे हुए है। अवैध धान की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर धान और वाहन को जप्त किया जा रहा है। अधिकारी के कठोर रवैये के बाद अवैध कारोबार से जुडे लोगों में हडकंप मचा हुआ है।

वहीं कुछ अधिकारी कर्मचारी द्वारा अवैध उत्खन्न से अवैध धान से भरे वाहनो को पकड़ने के बाद छोड़ने की जानकारी मिल रही है। शहर में लेनदेन करने की भी चर्चा है। कार्यवाही के बीच ग्राम पंचायत मुसरा, चंद्रगिरि तीर्थ के पीछे से बेरोकटोक खन्न किया जा रहा है। वहीं कई सोसायटियों में कोचियों का धान खपाया जा रहा है।

#### उगाही की शिकायत

अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव ने बताया कि उगाही की शिकायतें उन्हे भी मिली है। दोषियों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैला कर अपना स्वार्थ सिध्द करने में लगे हैं। अगर कोई उगाही करता है और संबंधित शिकायत करता है तो कार्यवाही की जाएगी।

## कोमल साहू बने जिला कांग्रेस अध्यक्ष

### संगठन को मजबूती प्रदान करना हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू के छुईखदान आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर नगर पंचायत छुईखदान के पूर्व अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी मिहिर झा, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, आलोक यादव, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, संदीप सिरमौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर साहू का स्वागत किया। उससे पहले छुईखदान के कांग्रेस कार्यकर्ता जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में खैरागढ़ पहुंचकर संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव के साथ जाकर स्वागत किए। इस अवसर पर कोमल साहू ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देना उनका कर्तव्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठित रहकर आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया और क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही।



### अधिकारी के खिलाफ एफआईआर की मांग

# अनर्गल बयान पर ब्राह्मण समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समाज की बेटियो के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी से आहत नाराज सर्व ब्राम्हण समाज ने पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कुत्सित मानसिकता वाले आईएएस अधिकारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

राष्ट्रीय ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष मिहिर झा के नेतृत्व मे समाज के सुबोधकांत पांडेय, शिरिष मिश्रा, किशोर शर्मा, घनश्याम तिवारी, जगदीश दुबे, शिरिष मिश्रा मोनू, प्रेम तिवारी, बंटी शर्मा सहित अन्य ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन मे कहा कि आईएएस संतोष वर्मा का ब्राम्हण समाज की बेटियो के खिलाफ दिए आपत्तिजनक बयान से सिर्फ ब्राम्हण समाज ही नही देश की बेटिया शर्मसार हुई है। जिम्मेदारी वाले पद मे रहते हुए भी आईएएस अधिकारी का अमर्यादित आपत्तिजनक बयान उनकी घृणित मानसिकता को परिभाषित करता है। महज ब्राम्हण समाज ही नही उनके कुत्सित बयान से देश की बेटियो को मानसिक रूप से टार्चर किया गया है। उन्होने एसपी से आईएएस अधिकारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि उन्हे ऐसा दंड दिया जाए कि अन्य कोई भी व्यक्ति किसी भी समाज की बेटियो के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने से पहले आईएएस को मिले दंड को सोचकर कांप जाए।



#### ब्यान को बताया शर्मनाक

सर्व ब्राम्हण समाज ने कहा कि अगर जल्द ही इस गंभीर शर्मनाक विषय पर कारवाई नही की जाती तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनो किसी मामले को लेकर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राम्हण समाज की बेटियो के खिलाफ अमर्यादित शब्दो को प्रयोग करते हुए टिप्पणी कर दी जिसके चलते पूरे देश मे समाज के लोगो मे गहरी नाराजगी है। आक्रोशित ब्राम्हण समाज जगह जजगह विरोध प्रदर्शन कर आईएएस के खिलाफ कानूनी कारवाई की मांग कर रहा है।

## साहू समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

परिक्षेत्रीय साहू संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को स्थानीय साहू भवन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू थे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य सरिता मदन साहू, जया तिमेश साहू, सरपंच भुनेश्वरी साहू थी। अतिथियों ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वक्ताओं ने शिक्षा, एकता और युवा सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर इन्द्रसेन साहू, हेमंत साहू, गरीबादास साहू, राधिका साहू, ओम प्रकाश साहू, प्रीति साहू, भावानदास साहू, गोपालदास साहू, योगेश साहू, माधव साहू, कोमल साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू, डेरहीनबाई साहू, पूनम साहू, उत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, मोहित साहू, मोहरदास साहू, राजेश साहू सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी घनेंद्र साहू ने दी।

## खबर संक्षेप

### चलाया गया जनजागरूकता अभियान



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे एवं महिला इकाई अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका मन थीम पर जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया। यह अभियान मुसरा, मोहारा एवं खुर्सीपार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों और मिडिल स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य, सफाई, नशा मुक्ति, पोषण आहार तथा गुड टच बैड टच आदि विषयों की जानकारी दी गई। चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक रूप से प्रभावित करता है। कार्यक्रम में नितिन शांडिल्य, चंद्रदेव, लोकेश्वर, युवराज, साहिल, छबिल, सुभाष, याशिका, आकाश, हेमलता, संगीता, योगेश्वरी, दिव्या, आंचल, दीपिका, योगिता, रेणुका आदि शामिल हुए।

### कांग्रेस ने मनाया राजेंद्र बाबू की जयंती



**छुईखदान।** प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय कांग्रेस भवन में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कोमल साहू, मोतीलाल जंघेल, गिरिराज किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, भीखमचंद छाजेड़, सज्जाक खान, संजय महोबिया, डॉ सरजू वर्मा, जितेंद्र गौर, मोहम्मद खान, रिंकू गुप्ता, नदीम मेमन, यतेंद्रजीत सिंह, आशु खान, रानू खान, मनोहर सेन, जागृत जंघेल, दीपक वैष्णव, लेख नारायण सहित अन्य शामिल हुए। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई सजगता के साथ लड़कर देश के प्रथम राष्ट्रपति बने। कार्यक्रम को मोतीलाल जंघेल, गिरिराज किशोर दास एवं गजेंद्र ठाकरे ने भी संबोधित किया । सभी ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन, उनके आदर्शों, सादगी और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। अंत में उनके योगदान को नमन करते हुए सभी ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

### सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र सम्मानित



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के नवाचारी व्याख्याता अजय पाठक एवं हेपशीबा एंथोनी ने नियमित विद्यालय आने की प्रवृत्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार जुलाई से नवंबर तक सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को गुल्लक दे कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वीं कला संकाय की हिमानी, कुसुम सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराकर प्रथम तथा अंजली साहू, कुमकुम दूसरे स्थान पर रही। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में रोशन कुमार, कुलदीप प्रथम, रूखमणि व डिंपल दूसरे स्थान पर रही। व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने इस पहल की सराहना की है। इस अवसर पर भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन उपस्थित थे।

### वायरस प्रतिरोधक क्षमता पर करता है प्रहार



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य आरके देवांगन को रेड रिबन लगा कर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य श्री देवांगन ने कहा कि इस बीमारी से किसी की मौत हो और उस पर शोक मनाने से अच्छा है कि इसकी जानकारी सभी को हो ताकि वह बच सके।व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि एचआईवी वायरस प्रतिरोधक क्षमता पर प्रहार करता है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने बीमारी के कारण और बचाव के उपाय पर प्रकाश डाला।अंत में व्याख्याता टीएल देवांगन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लक्ष्य कुमार, चंद्रहास, कुमकुम, कुसुम, दिव्या, तारिणी, नगमा, लक्ष्मी, चेलेस, हिमांशु, साक्षी, मोहित ने चित्रकला का प्रदर्शन किया ।

### ईपीएफ कटौती के आदेश का स्वागत

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश चौरे के नेतृत्व में गत दिनों लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में 3 वर्ष पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को नियमित वेतनमान, ईपीएफ कटौती अनिवार्य रूप से लागू सहित अन्य चार सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण का आग्रह किया गया था। संघ ने इस संबंध में आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। लोक निर्माण विभाग ने ईपीएफ कटौती का आदेश जारी कर दिया है। आदेश के बाद कई संभागीय कार्यपालन अभियंताओं ने कटौती प्रारंभ कर दी है। विभाग ने अपने आदेश में केवल 16 जून 2017 तक या उससे पूर्व कार्यरत कर्मचारियों का ईपीएफ कटौती करने का उल्लेख किया है जबकि वित्त विभाग द्वारा 12 जुलाई 17 के अनुसार कटौती सभी दैनिक वेतनभोगी, श्रमिक, कुशल, अकुशल, आकस्मिक, कार्यभारित, ठेका पद्धति, आउटसोर्सिंग सहित सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। संघ ने 2017 की सीमा लागू करने पर आपत्ति जताया है। संघ ने कहा है कि आदेश का विरोध करते हुए संशोधित ज्ञापन मुख्य अभियंता को पुनः सौंपा जाएगा। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग ने भी निरंतर संघर्ष के बाद 12 सितंबर से ईपीएफ कटौती करने के निर्देश जारी कर दिया है।

### अयूब सोलंकी बने जिला संयोजक



**खैरागढ़।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने शहर के सक्रिय भाजपा नेता अयूब सोलंकी को जिला संयोजक बनाया। आरएसएस कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार के निर्देश पर मुस्लिम मंच के छात्र व मदरसा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ इमरान चौधरी की अनुशंसा पर प्रांत संयोजक मो अफजल खान ने भाजपा नेता अयूब सोलंकी को प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। नव नियुक्त जिला संयोजक अयूब सोलंकी ने विश्वास दिलाया है कि मंच द्वारा सौंपे गये दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से देश समाज की सेवा के लिये करेंगे। नव नियुक्त जिला संयोजक अयूब सोलंकी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, जामा मस्जिद सदर अरशद हुसैन, खलील कुरैशी, अब्दुल रज्जाक खान, फारूक मेमन, सलीम सोलंकी, जफर झरोदिया, सैयद अल्ताफ अली, जफर हुसैन, याहिया नियाजी, याकूब सोलंकी, जुनैद खान, कलीम अशरफी, आलोक श्रीवास सहित अन्य ने बधाई दी है।

---

### सीएम साय के वर्चुअल उद्घाटन के बाद भी ताला

# 25 लाख के हमर क्लिनिक पर मंडरा रहा बर्बादी का साया

## 20 महीने से स्टाफ की राह देख रहा हमर क्लिनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

गंडई में स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित हमर क्लिनिक आज प्रशासन की लापरवाही के कारण बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किए जाने के बावजूद, यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र पिछले लगभग 20 महीनों से एक दिन के लिए भी जनता की सेवा नहीं कर सका है और अब यह असामाजिक तत्वों के लिए तोड़फोड़ का अड्डा बन गया है।

नगर पंचायत गंडई के दैहान चौक में 15वें वित्त आयोग की राशि से सीजीएमएससी द्वारा उक्त हमर क्लिनिक का निर्माण कराया गया था। रिकॉर्ड के अनुसार, यह क्लिनिक 27 अप्रैल 2024 को विधिवत विभाग को हैंडओवर कर दिया गया था। इसका उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खैरागढ़ आगमन पर किया था। क्लिनिक का उद्देश्य पंडरिया के निवासियों को बेहतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना था, मगर उद्घाटन के 20 महीने बीत जाने के बाद भी यहां ताला लटका हुआ है। वजह साफ है स्टाफ की भर्ती न होना।




#### तोड़फोड़ और गंदगी से क्लिनिक बना खंडहर

क्लिनिक में ताला लटका रहने का फायदा असामाजिक तत्वों ने उठाना शुरू कर दिया है। इस भवन की कीमती साज-सज्जा और उपकरण बर्बाद किए जा रहे हैं। क्लिनिक के अंदर बनाए गए चैंबरों और लगाए गए कांच के सामान को पत्थर फेंककर तोड़ दिया गया है। भवन के बाहरी हिस्से को सजाने के लिए लगाई गई एल्युमिनियम शीट को भी लगातार तोड़ा जा रहा है। खिड़कियों में लगी मच्छर जालियों को पूरी तरह से खराब कर दिया गया हैं। यदि यही हाल रहा, तो जल्द ही 25 लाख की यह सरकारी संपत्ति पूरी तरह से कबाड़ में बदल जाएगी।

#### समय रहते प्रशासन उठाए कदम

स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों का सुझाव है कि इस बहुमूल्य संपत्ति को बचाने के लिए तत्काल कोई उपाय किया जाए। जब तक स्टाफ की स्थायी भर्ती नहीं हो जाती, तब तक गंडई हॉस्पिटल में पदस्थ किसी स्टाफ को अस्थायी रूप से इस हमर क्लिनिक में रहने की व्यवस्था दी जा सकती है। क्लिनिक का उपयोग गंडई हॉस्पिटल के दवाइयों के स्टॉक रखने या स्वास्थ्य संबंधी अन्य गतिविधियों के लिए किया जा सकता है।

#### रोस्टर विवाद की भेंट चढ़ी जनता की सुविधा

सूत्रों के अनुसार, हमर क्लिनिक के लिए आवश्यक स्टाफ की भर्ती जिले में रोस्टर लागू न होने के कारण अटकी हुई है। प्रशासनिक खींचतान और देरी के इस खेल में क्लिनिक को शुरू करने का कार्य ठप पड़ा हुआ है और इसका सीधा खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

#### वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी

हमर क्लिनिक की देखरेख हो सके इसके लिए जल्द ही इसका वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

\- **आशीष शर्मा,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

---

## अनियमितता के खिलाफ सामान्य सभा में हल्लाबोल




**डोंगरगढ़।** वनांचल में बीते 3 से 4 सालों में बनाई गई सड़कों में अनियमितता और कार्य के अधूरे होने पर जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जमकर हल्ला बोल कर अधिकारी एवं कर्मचारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार 3 दिन पहले सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने लो0क निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर मुख्यालय में नहीं रहकर बिना देखरेख के काम कराकर राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है।

#### नहीं पहुंचे अधिकारी

जानकारी के अनुसार सामान्य सभा की बैठक में विभाग के जवाबदार अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे थे। उन्होंने हाल में पदस्थ सब इंजीनियर को भेज दिया था। अपेक्षित जानकारी नहीं मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने जमकर हल्ला बोला। उल्लेखनीय है कि हाल ही में नागतराई हरनसिंघी सडक मरम्मत एवं खैरागढ रोड की मरम्मत में लापरवाही से उखडने का मामला सामने आया है।

#### लंबे समय से जमे अधिकारी

जनप्रतिनिधियों ने कई इंजीनियरों के 10 से 15 सालों से पदस्थ होने पर सवाल खड़े किया। सड़कों के अधूरे निर्माण को जब एसडीओ एचके सोनकाले से पूछा गया तो उन्होंने दौरा में होने का हवाला देते हुए कार्यलय आने पर जानकारी देने की बात कही है। वहीं विभाग के ईई एसके चौरसिया ने स्वीकार किया कि मुआवजा प्रकरण लंबित होने कारण सडक निर्माण कार्य रूका है। उन्होंने नागतराई एवं खैरागढ रोड मरम्मत कार्य को चालू ट्रेफिक के दौरान करने के कारण उखडने की बात को स्वीकार किया है।

---

## गैस कनेक्शन ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 15 तक

**खैरागढ़।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए ईलेक्ट्रॉनिक केवाईसी को अनिवार्य कर अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस तिथि तक अगर उपभोक्ताओं ने अपने गैस कनेक्शन की ईकेवाईसी नहीं कराई, तो उन्हें सब्सिडी का लाभ और गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को लेकर समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

जानकारी अनुसार जिले में कुल 28 हजार 736 गैस उपभोक्ताओं ने ईकेवाईसी करा ली है जबकि अभी भी 7 हजार से उपर उपभोक्ताओं को यह प्रक्रिया पूरा करना बाकी है। जिले के उपभोक्ताओं में से खैरागढ़ शहर में 1 हजार, छुईखदान शहर में 164, गंडई शहर में 69 और खैरागढ़ ब्लॉक में कुल 6 हजार 66 उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी अब तक बाकी है। यदि ये उपभोक्ता 15 दिसंबर तक ईकेवाईसी नहीं कराते हैं तो उनके गैस कनेक्शन पर सब्सिडी पर रोक लग सकती है और सिलेंडर की होम डिलीवरी भी बंद हो सकती है। ईकेवाईसी का उद्देश्य फर्जी और निष्क्रिय गैस कनेक्शनों की पहचान करना है ताकि सब्सिडी का लाभ केवल पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचे। इसके तहत बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन से यह सत्यापित किया जाएगा कि कनेक्शन धारक जीवित है और उसका उपयोग कर रहा है। अब तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बचे हुए उपभोक्ता गैस एजेंसी जाकर, आधार कार्ड, पासबुक और मोबाइल फोन से अपना ईकेवाईसी करवा सकते हैं। इसके अलावा, मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड कर घर बैठे भी ईकेवाईसी की जा सकती है। एजेंसी संचालक ने उपभोक्ताओ से आने वाले समय मे किसी प्रकार की परेशानी से बचने 15 दिसंबर तक प्रक्रिया को पूरा करने की अपील की है।

## कांग्रेस का विरोध, टैंपो चौक पर झूमाझटकी के बीच पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

केन्द्र सरकार द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कथित एजेंसी आधारित कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला, ब्लॉक और शहर कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त नेतृत्व में टैंपो चौक पर प्रधानमंत्री व ईडी का पुतला दहन किया गया।



इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार विपक्ष को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पूर्व विधायकों, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों और सोशल मीडिया टीम ने हिस्सा लिया। झूमाझटकी तब हुई जब पुलिस ने भीड़ को रोकने और आगजनी स्थल को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन कार्यकर्ताओं ने आगे बढक़र पुतला दहन किया हालाकि थोड़ी देर की धक्का-मुक्की के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई।

इस दौरान जिपं सदस्य शताक्षी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भीखम छाजेड़, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, विजय वर्मा, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, दिलीप लहरें, गिरवर जंघेल, जिला युंका अध्यक्ष गुलशन तिवारी, गजेन्द्र ठाकरे, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवराज किशोर दास, पुरुषोत्तम वर्मा, शत्रुहन घृतलहरे, जितेन्द्र सिंह गौर, लीलाधर वर्मा, दीपक वैष्णव, सुरेन्द्र सिंह, मनोज बैद, नदीम मेमन, नित्य शरण सिंह, अमित सिंह, राजा सोलंकी, संदीप सिरमौर, रिंकू गुप्ता, यतेन्द्रजीत सिंह, उत्तम जंघेल, चन्द्रेश वर्मा, सोनू ढीमर, शुभम वर्मा विनोद यादव, प्रमोद साहू, प्रकार महोबिया, दिलीप महोबिया, मोहम्मद खान, सरजू वर्मा, रमेश, अशोक साहू, देवदास बंजारे, राधे पटेल, रिंकू महोबिया, दयालु राम, किशन रजक, संत निषाद, मनोहर सेन, कमता टंडन, केशव सारथी, महेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

#### विपक्ष को डराने की कोशिश

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने की कोशिश कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक बदले का परिणाम है। हम पीछे हटने वाले नहीं, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रहेगी। जिला अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं बल्कि लोकतंत्र की लड़ाई है। केंद्र सरकार अगर दमनकारी नीतियां बंद नहीं करती तो आंदोलन और तेज होगा। अंत में कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार राजनीतिक प्रताडना नहीं रोकती तो जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## इंटरनेशनल फोटोग्राफी में यथार्थ को मिला गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



मुंबई में आयोजित इंटरनेशनल फोटोग्राफी में शहर के यथार्थ सिंह गहरवार को स्वर्ण पदक मिला। भारत की फिल्म परियोजना के नाम से जानी जाने वाली आईपीएफ द्वारा आयोजित स्पर्धा में विश्व के 26 देशों के पांच हजार से उपर फोटोग्राफरों ने भाग लिया था जिसमे थ्री सीरिज फोटोग्राफी केटेगरी मे राजेंद्र सिंह गहरवार व संगीत विवि कत्थ नृत्य संकाय की पूर्व अधिष्ठाता नीता सिंह गहरवार के पुत्र यथार्थ ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर शीर्ष दस में पहले स्थान बनाया बाद में उन्हें इस केटेगरी पर स्वर्ण पदक मिला। गौरतलब है कि आईपीएफ वैश्विक स्तर पर फोटोग्राफरों के लिए कंटेट फेस्टीवल है। बीते 25 सालों से आईपीएफ क्रिएटर्स को फिल्म मेकिंग, फोटोग्राफी सहित अन्य कलात्मक गतिविधियों के लिए मंच देते आ रही है। इससे पहले इसी संस्था द्वारा बीते साल आयोजन में यथार्थ रजत पदक से सम्मानित हो चुके है। तिलक विद्यापीठ पुणे से फोटोग्राफी विशेषज्ञता मे स्नातक उपाधि प्राप्त यथार्थ वर्तमान मे एएएफटी खरोरा रायपुर में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए अध्ययनरत है। उनकी उपलब्धि को लेकर मामा सुजीत सिंह चौहान व परिजनों सहित अन्य ने बधाई दी है।

### सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**खैरागढ़।** विद्या भारती की व्यवस्था अनुसार प्रेम कुमार सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति कार्यक्रम पूर्व प्राचार्य डॉ साधना अग्रवाल की अध्यक्षता और अतिथि वक्ता रोहिणी सिह, डॉ. श्रुति सिंह की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टिकोण, पर्यावरण के संबंध में भारतीय दर्शन और व्यवहार सहित भारत के विकास में महिलाओं का योगदान जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद विद्यालय द्वारा पोषक ग्राम खैरबना में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम लीला साहू की अध्यक्षता मे हुआ। वक्ता के रूप में पंच सुमन साहू, आंगनबाड़ी सहायिका लिलेश्वरी साहू और संयोजिका धनेश्वरी साहू, संजना साहू उपस्थित रहे। दोनो कार्यक्रम मे भैया-बहनों द्वारा प्रेरणादायी महिलाओं का संदेश वेशभूषा साथ प्रदर्शन किया गया। आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम बारह मासी, आरंभ है प्रचंड गीत पर नृत्य, सावित्री बाई फूले पर नाटक और करमा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। प्रधानाचार्य सुश्री राजलक्ष्मी सिंह के मार्गदर्शन में दोनों जगहों पर कार्यक्रम हुआ जिसकी ग्रामीणो ने भरपूर सराहना की।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन और मेहनत जरूरी : विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत द्वारा विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं की कला, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित उत्सव का शुभारंभ करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने विभाग के उत्कृष्ट पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं को शानदार मंच मिला है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने ईमानदारी से मेहनत और अनुशासन आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि युवाओं को मनमुक्त होकर सपने देखने चाहिए और उन सपनों को पूरा करने के लिए कठोर मेहनत करनी चाहिए और स्वयं के लिए ही नहीं, सभी के लिए जवाबदार बनें। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि युवा उत्सव युवाओं की छुपी प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे कला, संस्कृति और नेतृत्व क्षमता सहित अन्य विधाओं में वृद्धि होती है। उन्होंने युवाओं से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में डर नहीं रखना चाहिए, बल्कि निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से हमें सीखना है और आगे बढना है।

#### संगीत विवि में आयोजन होना गर्व

पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू ने कहा कि युवा उत्सव हर वर्ष आयोजित किया जाता है लेकिन इस वर्ष इसका इंदिरा कला संगीत विवि के ऑडिटोरियम में होना सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए बधाई देते हुए कहा कि विविध कार्यक्रमों से सजे उत्सव के माध्यम से युवाओं को आगे बढने और अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मौका मिलेगा। अंत में सीईओ हिमांशु गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव का उद्धेश्य युवाओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाना है। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, लखनलाल साहू, सौमित्र तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, किरण मानिकपुरी, दिलेश्वरी साहू, पीलाबाई वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, ज्ञानेंद्र वर्मा, श्यामसुंदर साहू, उपेंद्र वर्मा, प्रकाश पाठक, सुशील सिंह, बैद्यनाथ वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व प्रतिभागी उपस्थित थे।

### कांचरी में सात दिवसीय रासेयो शिविर आयोजित

## संगीत विवि के एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम कांचरी में आयोजित इंदिरा कला संगीत विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा आतिथ्य मे हुआ।

नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित शिविर के अंतिम दिवस लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पंडवानी सहित गणेश वंदना, ददरिया, जंवारा गीत, सुआ, राउत नाचा, देवार नृत्य, गेड़ी, पंथी व फाग जैसे लोक गीतों व नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कुलपति प्रो डॉ शर्मा ने कहा कि विवि के लिए यह गर्व का विषय है कि गांव में आकर सांगीतिक आदान प्रदान कर पाए हैं।



आज जो बच्चें यहां मौजूद है, इन्हीं में से कोई बच्चा कला को जानेगा और प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करेगा। विवि के एनएसएस इकाई की पहल का उद्देश्य है कि छोटी जगह में जाकर लोगों को संगीत कला की शिक्षा दे पाएं। उन्होने विवि और ग्रामीणों के बीच हमेशा जुड़ाव की इच्छा जाहिर की। इस दौरान लोक संगीत व कला संकाय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ भरत पटेल, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो नमन दत्त, सहायक प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ. दीपशिखा पटेल, जगदेव नेताम, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिवाकर कश्यप, शोध सहायक डॉ बिहारी लाल तारम, संगतकार डॉ नत्थू तोड़े, अतिथि व्याख्याता डॉ परमानंद पाण्डेय, डॉ विधा सिंह, डॉ राजकुमार पटेल सहित पंचायत पदाधिकारी मौजूद थे।

# ट्रैप कैमरा में कैद हुआ बाघ, दोबारा पहुंचकर मवेशी के शव को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के जंगल से नक्सलवाद की समाप्ति के बाद जंगली-जानवरों के साथ-साथ अब जंगल के राजा शेर की स्वतंत्र चहल-कदमी सामने आई है। औंधी क्षेत्र के नवागढ़ कक्ष क्रमांक 1080 में टाइगर ट्रैप कैमरा में कैद हुआ। इसके साथ ही शेर ने जिस गाय का शिकार किया था, उसे पुनः दूसरे दिन पहुंचकर पूरा निवाला बना लिया। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में शेर से आम ग्रामीणों को सतर्क रहने फॉरेस्ट अमला फरमान जारी किए हुए है।

उल्लेखनीय कि मानपुर विकासखंड के औंधी तहसील के नवागढ़ के ग्रामीणों की सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम को रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को एक खूंखार वन्य जीव शेर की चहल-कदमी की खबर के साथ-साथ एक पालतू गाय के शिकार करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में वन अमला एक्टिव हुआ। मौका मुआयना के दौरान घटनास्थल से शिकार किया गया मृत गाय के साथ शेर का पदचिन्ह बरामद किया गया। फॉरेस्ट विभाग ने बाघ के आमद वाले क्षेत्र में एहतियात बरतते आम ग्रामीणों को एक-दूसरे के संघर्ष के लिए सतर्कता के साथ ही टाइगर से किसी प्रकार से छेड़छाड़ ना करने और अकेले जंगल नहीं जाने की हिदायत दी जा रही है। इधर गाय को बाघ द्वारा आधा निवाला बनाए जाने के बाद वन विभाग को आशंका थी कि शेर दोबारा छोड़े गए शिकार के लिए वापस लौटकर आएगा। उक्त स्थान पर फॉरेस्ट अमला ने तीन ट्रैकिंग कैमरा लगाया हुआ था। जिसमें जंगल का राजा कैद हुआ है।

## डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में फॉरेस्ट अमला आम ग्रामीणों को कर रहा सतर्क

### कैमरा में हुआ कैद

डीएफओ दिनेश पटेल ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि जिस जगह पर शेर ने गाय पर हमला किया है, उक्त स्थान पर ट्रैप कैमरा लगाया गया था। जिसमें चहल-कदमी करते हुए शेर कैद हुआ है।

### वयस्क नर की हुई पुष्टि

ट्रैफ कैमरा में खूंखार शिकारी के कैद होने के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के फॉरेस्ट अमले ने बाघ की तस्वीर की जांच एक्सपर्ट से कराया, तब पता चला कि औंधी के नवागढ़ क्षेत्र में घूम रहा शेर वयस्क नर है।



### शेर को जंगल में स्वतंत्र रखने विभाग ने झोंकी ताकत, लगाई गई टीमें

जिले में जंगली हाथियों के दंगल के साथ-साथ तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर, लोमड़ी, लकड़बग्घा का आबादी में विचरण के साथ-साथ इनके द्वारा शिकार करने की खबरें मिलती रहती है। इस बार औंधी क्षेत्र के नवागढ़ में शेर की पुष्टि हुई है। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में जानमाल की रक्षा के लिए वन विभाग की तरफ से सतर्कता बरतने मुनियादी करने के साथ-साथ हर हाल में शेर को जंगल में स्वतंत्र रखने फॉरेस्ट अमले ने पूरी ताकत झोंक दी है।

## सार समाचार



### आदिवासी ध्रुव गोड समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र सिंगपुर ब्लॉक तहसील जिला राजनांदगांव द्वारा विगत दिनों नीलकंठ गढ़े जिला अध्यक्ष जिला आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में शहीद वीर नारायण सिंह शहीद दिवस दिसंबर महीने में मनाने का निर्णय पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय में सर्वसम्मति से पारित हुआ कि 20 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस मनाने पर निर्णय पारित किया गया एवं कार्यों का विभाजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने बैठक में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। उक्त जानकारी जितेन्द्र पडौटी व रमेश मंडावी ने दी।

### दाऊ रामचंद्र अलंकरण देने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस के अवसर पर रायपुर में एकत्रित प्रदेशभर के कवि/ साहित्यकार एवं रंगधर्मी कलाकारों द्वारा वरिष्ठ कवि



आत्माराम कोशा के नेतृत्व में संस्कृति मंत्री को ज्ञापन सौंपकर लोक सांस्कृतिक क्रांति के जनक संस्था चंदैनी-गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद्र देशमुख के नाम पर राज्य अलंकरण दिए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर धरसीवा विधायक व छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार अनुज शर्मा व अन्य लोककला धर्मियों ने भी इस मांग का समर्थन करते राज्य शासन द्वारा दाऊ रामचंद्र देशमुख के नाम से सम्मान दिए जाने को गर्व का विषय बताया। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

### प्रदेश सह-संयोजक के पद पर नियुक्त हुए शरद

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की



अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने शरद श्रीवास्तव की नियुक्ति सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक के पद पर की है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों में संयोजक और सह-संयोजक की नियुक्ति की गई। जिसमें राजनांदगांव से शरद श्रीवास्तव को पुनः प्रदेश सह-संयोजक बनाया गया है। शरद विगत पांच वर्षों से सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में इसी पद पर सफलतापूर्वक दायित्व निभा रहे हैं। ज्ञात है कि शरद विगत 30 वर्षों से कला के क्षेत्र विशेषकर नाट्य विधा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इसके साथ मंच संचालन के माध्यम से भी शरद ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के मंचों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। श्री श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश सह-संयोजक के पद पर नियुक्त होने पर ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

### नियमित कक्षाएं नहीं लगाने का आरोप

**राजनांदगांव।** दुर्ग युनिवर्सिटी द्वारा जारी किए गए पूरक के परीक्षा परिणाम शिवनाथ महाविद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों के अंग्रेजी विषय में फेल



होने के मामले को लेकर आज एनएसयूआई द्वारा शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान यहां अंग्रेजी की नियमित कक्षाएं नहीं लेने का आरोप लगाया गया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि वर्तमान दुर्ग युनिवर्सिटी द्वारा जारी किए गए पूरक के परीक्षा परिणाम में अधिकांश छात्र-छात्राएं अंग्रेजी के विषय में फेल हो गई। जबकि उन्होंने अपनी परीक्षा अच्छे से दी थी, फिर भी परिणाम उसके विपरीत आया है।

**कार्रवाई करने की मांग** – शिवनाथ महाविद्यालय के एक छात्र ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में अंग्रेजी की कक्षाएं नियमित नहीं लगाती है। एनएसयूआई जिला महासचिव मिथलेश चंदेल ने कहा कि जो प्रोफेसर नियमित रूप से कक्षाएं नहीं लेते हैं, उन पर महाविद्यालय प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बार परीक्षा परिणाम निराशाजनक आना कहीं ना कहीं महाविद्यालय प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लगता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शुभम कोशरिया, राहुल साहू, भूपेश डहारे, मयंक, संतोष सिंह, संजय साहू, आयुष एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल बंद, विद्यार्थी हो रहे वंचित

**राजनांदगांव।** छात्रवृत्ति पोर्टल बंद होने से छात्रवृत्ति से विद्यार्थियों के वंचित होने के मामले को लेकर आज छात्र संगठन से जुड़े लोग कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग पहुंचकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल को पुनः चालू करने ज्ञापन सौंपा है। इस मामले में ज्ञापन सौंपने पहुंचे पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल के अचानक बंद होने से एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर हजारों विद्यार्थी गहरे संकट में हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों से जुड़े जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं हो पा रहे, क्योंकि जिले के पटवारी एसआईआर फॉर्म के बोझ में दबे हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था का सीधा असर छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा है। विश्वविद्यालय ने सप्लीमेंट्री परिणाम देर से जारी किया और परिणाम आते ही छात्रवृत्ति पोर्टल बंद मिला। विद्यार्थियों ने कहा कि महाविद्यालय शुल्क, परीक्षा आवेदन, छात्रावास सब कुछ छात्रवृत्ति पर निर्भर है। छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी तो सब कुछ वहन करना मुश्किल होगा। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि पोर्टल शीघ्र नहीं खोला गया तो विद्यार्थियों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विशु अजमानी, संदीप सोनी, तौसीफ गोरी, राहुल साहू, रोहित कोचरे, विकास यादव, अभय गुप्ता, असल श्रीवास्तव, देव यादव, तरू साहू, प्रथम हरिहरनो एवं अन्य छात्र नेता उपस्थित थे।

## शराब सेवन कराने वाले दो ढाबा संचालकों पर कार्रवाई

# रात में पुलिस ने दी ढाबों में दबिश जांच पड़ताल से संचालकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की तीन अलग-अलग टीम ने कोतवाली व सोमनी क्षेत्र के लगभग 25 ढाबों में दबिश देकर जांच पड़ताल की। जिससे हड़कंप मचा रहा। इस दौरान दो ढाबों में शराब सेवन करने के मामले में पुलिस ने संचालकों पर कार्रवाई की।

जानकारी के मुताबिक बीती रात लगभग 10 से 12 बजे तक पुलिस टीम को तीन दलों में विभाजित कर थाना कोतवाली तथा थाना सोमनी क्षेत्र के कुल 25 ढाबों में अचानक दबिश दी गई। इस दौरान ढाबा परिसर के अंदर-बाहर होने वाली गतिविधियों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही ढाबों के पास संदेहास्पद रूप से खड़े वाहनों की सघन तलाशी भी ली



### सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, 3 पर मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान दो ढाबा संचालकों द्वारा अवैध रूप से शराब पिलाने की पुष्टि होने पर शिवशक्ति कांतियावाडी ढाबा एवं मुंबई कोलकाता ढाबा संचालक के विरुद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं तीन व्यक्तियों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने पर छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### वाहनों की ली गई तलाश

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर बीती रात हुए इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम, दिलीप सिसोदिया सहित पुलिस के 30 जवान शामिल रहे। इस दौरान ढाबों के अंदर-बाहर तथा आसपास खड़े वाहनों की सघन तलाशी ली गई। शराब परोसने व सार्वजनिक स्थान पर सेवन करने वालों पर कार्रवाई की गई।

### लगातार चलेगा अभियान

बीती रात पुलिस का यह विशेष अभियान रात 10 से 12 बजे तक दो घंटे तक लगातार चलाया गया। जिससे हड़कंप मचा रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी समय-समय पर जारी रहेंगे, ताकि कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

### हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 14 को

**राजनांदगांव।** चिखली वार्ड स्तर पर आगामी 14 दिसंबर को भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सर्वमंगल भवन मैदान शासकीय मुद्रणालय के पीछे आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने बुधवार को कैलाशधाम मंदिर परिसर में वार्डवासियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राघव वर्मा, सह-संयोजक मुरली सिंह भारद्वाज, पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, लोकेश श्रुति जैन सहित नगर कार्यवाह अनिश बोरकर, बस्ती प्रमुख आशुतोष लारिया, वरिष्ठजन विजय शर्मा, सुरेश डेकाटे, रमन यादव, गुंजन शर्मा, ललित नायडू, अघनू साहू, मनोहर साहू, भागवत निषाद, कृष्णा निषाद, कुबेर साहू, देवेश वैष्णव, हुपेन्द्र शर्मा, अरविंद सिन्हा, मनोज शुक्ला, विष्णु सोनी, नारायण यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम को विशाल एवं भव्य बनाने की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

## गुम मोबाइल पुलिस ने प्रार्थियों को सौंपा

**राजनांदगांव।** लोगों के मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर पुलिस ने खोजबीन अभियान चलाकर 15 मोबाइल खोजा, जिन्हें प्रार्थियों को सौंपा गया। जिससे प्रार्थियों में खुशियों का वातावरण निर्मित हो गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व प्रार्थीगणों के गुम मोबाइल के पतासाजी हेतु अभियान चलाया गया। जिसके के तहत 15 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल कीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए को थाना बसंपतुर पुलिस राजनांदगांव द्वारा ढूंढकर बरामद किया गया।




### पुलिस कार्रवाई की प्रशंसा

थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा 3 दिसंबर को थाना बसंतपुर में बरामद हुए सभी 15 नग मोबाइलों को प्रार्थीगणों को सुपुर्द किया गया है। इस दौरान थाना स्टॉफ उपस्थित रहे एवं प्रार्थियों को उनके गुम मोबाइल मिल जाने से जिला राजनांदगांव पुलिस एवं थाना बसंतपुर की कार्रवाई की प्रशंसा कर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

### थाना में करें जमा

आम जनता को गुम मोबाइल प्राप्त होने उपरांत उनका उपयोग न करते हुए नजदीकी थाना में जमा करने हेतु पुलिस ने अपील किया है। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक भुनेश्वर जायसी की सराहनीय भूमिका रही।

## शेयर ट्रेडिंग ठगी, गिरोह के 2 सदस्य पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लगभग सवा करोड़ रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने पूर्व में गिरोह के तीन ठगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच करते हुए दो और आरोपियों को उड़ीसा से पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार साइबर ठगों द्वारा स्वयं को फारेक्स, ऑनलाइन ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर प्रार्थी आयुष अग्रवाल निवासी राजनांदगांव को रुपए दोगुना करने का लालच दिया। इन्वेस्टमेंट हेतु व्हाटसअप के माध्यम से फर्जी वेबसाईट लिंक भेजकर उस प्लेटफार्म पर फर्जी तरीके से शुरूआत में छोटा मुनाफा 15 हजार रुपए प्रार्थी के एकाउंट में ट्रांसफर किए। प्रार्थी को भरोसे में लिया और बड़े निवेश में ज्यादा फायदा देने की बात कहकर कुल मिलाकर 1,21,53,590 रुपए (एक करोड़ ईक्कीस लाख तिरेपन हजार पांच सौ नब्बे) रुपए विभिन्न खातों में जमा कराए। ठगों ने कमीशन और निवेश के नाम पर लगातार पैसे मांगे। बढ़े हुए रकम को प्रार्थी द्वारा विथड्रॉ करने की बात करने पर ठगों द्वारा बहाना करने पर प्रार्थी को ठगी का अहसास हुआ। प्रार्थी ने साइबर हेल्पलाइन व थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पूर्व में तीन गिरफ्तार

जिस पर साइबर सेल व थाना कोतवाली की टीम ने मनीट्रेल व तकनीकी जांच कर मध्यप्रदेश के सिहोर व इंदौर में दबिश देकर आरोपी धीरज सिंग 34 वर्ष निवासी अंजनी नगर मप्र, अरविंद ठाकुर 30 वर्ष निवासी मुकाती कॉलोनी कनौद रोड़ जिला सिहौर एवं डिम्पल सिंह यादव 22 वर्ष निवासी भिंडावास जिला झज्जर को 29 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### उड़ीसा में पकड़ाए

पुलिस के अनुसार सायबर ठगी के इस मामले से जुड़े अन्य अरोपियों की तलाश हेतु टीम भुवनेश्व उड़ीसा रवाना हुई, जहां से 2 आरोपी धर्मेन्द्र कुमार 36 वर्ष निवासी हरदेव नगर उत्तर दिल्ली व राजेश मंडल 30 वर्ष निवासी ग्राम खमरबाद झारखंड को भुवनेश्वर उड़ीसा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी धर्मेन्द्र के कब्जे से 3 नग एटीएम कार्ड व 3 नग मोबाइल सेट जब्त किया गया।आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। उपरोक्त मामले में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय पम्मार, थाना प्रभारी कोतवाली के निरीक्षक नंद किशोर गौतम व कोतवाली स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक संजीव कुमार मालेकर एवं सायबर सेल के आरक्षक अमित सोनी, जोगेश राठौर, हेमंत साहू एवं आदित्य सिंह की अहम भूमिका रही।

## एकीकृत पोर्टल से रकबा गायब, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच एकीकृत पोर्टल में लगातार किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों रकबे में अन्य फसल दिखाए जाने से सुधार के लिए किसानी की लंबी कतार तहसील में लगी रही। वहीं अब कई क्षेत्रों में किसानों का रकबा ही पोर्टल से गायब है। इसको लेकर किसान रकबा त्रुटि सुधार के लिए चक्कर काट रहे हैं। वहीं रकबा नहीं दिखाए जाने के चलते वह ऑनलाइन टोकन भी नहीं कटवा पा रहे हैं।

जिले के डोंगरगांव तहसील क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 31 सुखरी और सोनेसरार क्षेत्र से 30-40 की संख्या में किसान आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर को एक ज्ञापन के माध्यम से किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने अपने



ज्ञापन के माध्यम से बताया कि एकीकृत पोर्टल में अधिकांश किसानों की जमीन का पूरा रकबा नहीं दिख रहा है। जिसके चलते वहां अपनी धान की उपज नहीं बेच पा रहे हैं। अपने धान की उपज बेचने किसान जब ऑनलाइन माध्यम से टोकन के लिए गए तो पता चला कि उनकी किसानी जमीन एकीकृत पोर्टल में ही नहीं दिख रही है।

### सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर

एकीकृत पोर्टल में कई किसानों का एक-दो एकड़ रकबा ही गायब है। जिसके चलते किसान पूरे रकबे का टोकन नहीं कटवा पा रहे हैं। ऐसे में शिकायत लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि जल्द ही इसमें सुधार नहीं किया गया तो किसान सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर हो जाएंगे।

### चक्कार कट रहे किसान

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसान गणेशराम साहू ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर 31 में कई किसानों का रकबा शून्य दिख रहा है। वहीं कुछ 10 एकड़ खेती वाले किसानों का रकबा 7 से 8 एकड़ तक ही दिख रहा है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल में फसल विवरण की जानकारी भी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि अधिकांश किसानों का रकबा नहीं दिख रहा है।

### विज्ञान प्रदर्शनी में युगांतर द्वितीय

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल की छात्रा सौम्या वर्मा व रैनी जैन द्वारा निर्मित मॉडल बायो मैकेनिकल स्मार्ट फुट वियर को नवाचारपूर्ण विचारों, वैज्ञानिक सोच और प्रस्तुति कौशल के कारण पुनः सराहना मिली है। इस



मॉडल ने संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित जोनल लेवल विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान अर्जित करते युगांतर का परचम एक बार पुनः लहराते इतिहास रचा है। इस मॉडल को कृष्णा पब्लिक स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित जोनल लेवल विज्ञान प्रदर्शनी में भी काफी सराहना मिली थी। विभागाध्यक्ष रिंकू राय और विज्ञान शिक्षिका कीर्ति तिवारी ने इस मॉडल के बारे में बताया कि इसके द्वारा व्यक्ति के चलने पर उत्पन्न ऊर्जा से मोबाइल की बैट्री चार्ज हो जाती है। यह हवा को स्वच्छ करने के साथ-साथ उबड़-खाबड़ स्थानों में संतुलन बनाने का कार्य भी करता है। प्राचार्य मधुसूदन नायर और प्रबंध समिति ने इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते पुनः बधाई दी है।

## तहसील के चक्कर काट रहे लोग, नहीं हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी शुरू होते ही तहसील कार्यालय में कामकाज ठप हो गया है। यहां अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते खासकर विद्यार्थियों और किसानों को भटकना पड़ रहा है। एक तरफ किसान रकबे में त्रुटि सुधार के लिए भटक रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आय, जाति, निवास और जन्म प्रमाण पत्र जैसे मामले में विद्यार्थियों को भटकना पड़ रहा है।

धान खरीदी में अधिकारियों की ड्यूटी लगने की वजह से तहसील में पटवारी, तहसीलदार और एसडीएम से संबंधित कार्यों के लिए लोग भटक रहे हैं। कई मामलों में पेशी तारीख भी नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते काम अटके पड़े हुए हैं और फाइल आगे नहीं बढ़ रही है। राजनांदगांव में पहले ही प्रभारी तहसीलदार के भरोसे तहसील का कामकाज चल रहा है। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति के चलते कार्यालय कामकाज प्रभावित हो रहा है। अपने काम को लेकर फरियादियों के दफ्तर पहुंचने पर मातहत कर्मचारी कहते हैं कि अधिकारी बैठ नहीं रहे हैं तो फिर काम कैसे होगा।



### नहीं हो पा रहा त्रुटि संशोधन

जन्म प्रमाण पत्र के बिना आधार में नाम की त्रुटि का संशोधन नहीं किया जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। तहसील कार्यालय पहुंची कक्षा 10वीं की एक छात्रा ने बताया कि उनका जन्म घर पर हुआ था और माता-पिता ने जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया है। अब आधार में नाम त्रुटि संशोधन के लिए जन्म प्रमाण पत्र लाने कहा गया है। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भी भरा है और निगम से एनओसी मिल चुका है।

### बोर्ड के विद्यार्थियों को परेशानी

कक्षा 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए आधार कार्ड के अनुसार ही फॉर्म भरा जा रहा है। वहीं आधार कार्ड में नाम की त्रुटी होने पर इसे सुधारने के लिए जन्म प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है, लेकिन कई ऐसे भी विद्यार्थी हैं। जिनके जन्म प्रमाण पत्र में भी खासकर अंग्रेजी के अक्षरों में त्रुटि है। इसे सुधारने के लिए नगर निगम से तहसील कार्यालय भेजा जा रहा है। वहीं कुछ मामलों में घर में जन्म होने पर ऐसे विद्यार्थियों का जन्म प्रमाण पत्र माता-पिता नहीं बनवा पाए हैं, जिन्हें नियम अनुसार नगर निगम से अनापत्ति देकर तहसील कार्यालय भेजा जा रहा है, लेकिन यहां तहसीलदार के अनुपस्थिति के चलते पटवारी पंचनामा होने के बाद भी पेशी तारीख नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है।



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी का निरीक्षण



**चिचोला।** महराजपुर सोसायटी का लालबहादुर नगर स्थित जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक ने निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों द्वारा बेचने लाए गए धान को देखा। समिति प्रबंधक केजराम यादव ने किसानों से साफ और सूखा धान लाने का आव्हान किया है।

### रंगोली बनाकर दी एड्स की जानकारी



**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में गत दिनों विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जन कल्याण सामाजिक संस्थान ने संगोष्ठी का आयोजन किया। बच्चों द्वारा रंगोली बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों को एड्स के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य सविता अवस्थी, सरपंच नीलिमा साहू, टीएल चंद्राकर, रमनसिंह राजपूत, योगेन्द्र प्रताप सिंह, उमेश साहू, आनंद श्रीवास, गंगाधर गुरु, सुरेखा देवांगन, श्रीमती पगारे, रेवा साहू, चित्ररेखा साहू, काजल चतुर्वेदी उपस्थित थे।

### स्वयं सेवकों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण

**डोंगरगांव।** राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग की आपदा मित्र योजना अंतर्गत रासेयो स्वयंसेवकों ने 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र बरगा में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की बालक एवं बालिका इकाई के 22 स्वयं सेवक शामिल हुए। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, आगजनी, आकाशीय बिजली आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के उपाय के संबंध में जानकारी दी। आगजनित दुर्घटनाओं से कैसे बचे? फायर ब्रिगेड का उपयोग कैसे करें? के बारे में गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया।

### सीमेंट फैक्ट्री स्थापना से गरमाने लगा माहौल

# सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जनसुनवाई निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक मे प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री को लेकर क्षेत्र में बढ़ते आक्रोश के बीच युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनभावना की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जताई।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जुलाई 24 में बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर ग्रामीणों का विरोध दर्ज कराया गया था, इसके बाद अगस्त 24 में कलेक्टर को औपचारिक रूप से सम्पूर्ण जानकारी भी सौंप दी गई थी। इतना ही नहीं प्रेस वार्ता कर भी प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ जनता की चिंता स्पष्ट रूप से रखी गई थी। इसके बावजूद डेढ़ साल बीत जाने तक प्रशासन ने न तो किसी ग्राम में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और न ही उनकी आपत्तियों पर कोई बैठक की, जिससे पूरे क्षेत्र में भारी असंतोष फैल रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अब पर्यावरण विभाग द्वारा 11 दिसंबर 25 को जनसुनवाई की घोषणा कर देना ग्रामीणों की भावनाओं की अवहेलना है। विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली, संडी सहित दर्जनों ग्रामों के हजारों लोग पहले ही फैक्ट्री का विरोध कर चुके हैं।

### मौके पर जाकर सुनी जाए आपत्ति

युवा कांग्रेस ने कलेक्टर से मांग की कि 11 दिसंबर की जनसुनवाई को तत्काल रद्द या स्थगित किया जाए, और उससे पहले प्रशासन सीधे गांवों में जाकर ग्रामीणों की वास्तविक आपत्तियां सुने। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जनभावना को दरकिनार कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, तो युवा कांग्रेस एवं ग्रामीण बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिपं सदस्य शताक्षी सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी विजय वर्मा, नित्यशरण सिंह, रिंकू गुप्ता, शुभम वर्मा, केदार जंघेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### विधायक ने भी खोला मोर्चा, जनसुनवाई टालने की मांग

संडी लाईम स्टोन खनन क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट कंपनी की जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश अब प्रशासन तक पहुंच गया है। इसी मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने 11 दिसंबर को निर्धारित जनसुनवाई की तिथि आगे बढ़ाने की स्पष्ट मांग की गई है, ताकि ग्रामीणों की वास्तविक भावनाओं और समस्याओं को सुना जा सके। साथ ही खनन परियोजना से संबंधित गाइडलाइन जो अंग्रेजी में जारी की गई है, उसे ग्रामीणों की समझ हेतु हिंदी में उपलब्ध कराने की मांग की गई। 404 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में प्रस्तावित इस खनन प्रोजेक्ट की उत्पादन क्षमता 3.34 मिलियन टन प्रतिवर्ष बताई गई है। यही कारण है कि ग्रामीण शुरुआत से ही पर्यावरण, भू-जल स्तर, कृषि भूमि एवं स्थानीय जीवन पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-किसानी के चरम सीजन में जनसुनवाई आयोजित करना अनुचित है। अधिकांश किसान खेतों में व्यस्त हैं ऐसे में वे अपनी आपत्तियाँ और सुझाव समय पर प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि ग्रामीण इस समय कृषि कार्यों में पूरी तरह व्यस्त हैं। ऐसे संवेदनशील समय में जनसुनवाई रखने से न सिर्फ किसान अपनी बात रखने से वंचित होंगे, बल्कि बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए शांति-व्यवस्था बनाए रखना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### विश्व एड्स दिवस पर संत श्री कबीर कृषि महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**कवर्धा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संत श्री कबीर कृषि महाविद्यालय में एचआईवी, एड्स संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी, एड्स से संबंधित जानकारी, रोकथाम उपायों तथा इसके प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त व्याख्यातागण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा यूथ रेडक्रॉस की टीम उपस्थित रही। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण की रोकथाम, उपचार की उपलब्ध सुविधाएँ तथा इससे जुड़े सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### पीएम-आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन शुरू

**कवर्धा।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा योजना) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर एवं सरसों फसल उगाने वाले किसानों का पंजीयन 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना है। किसान अपने आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न कर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में पंजीयन करवा सकते हैं।

# कामठी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बने अंगद सिंह धुर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित कामठी सेवा सहकारी समिति में नया नेतृत्व स्थापित हो गया है। समिति के कार्यों को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से अंगद सिंह धुर्वे को समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 14 नवंबर 2025 को आधिकारिक रूप से की गई। स्थानीय स्तर पर सक्रिय व जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाने वाले धुर्वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से संगठन के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण के लिए जाने जाते हैं। अध्यक्ष पद संभालने के बाद समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों में यह उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में समिति का कामकाज अधिक सुचारु और परिणामदायी होगा। आसपास के कार्यकर्ताओं तथा किसानों में उनकी नियुक्ति को लेकर खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन के कार्यकाल के दौरान कई बार अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए बदलाव की आवश्यकता महसूस की गई। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अंगद सिंह धुर्वे से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों, कृषि संबंधित सेवाओं तथा सहकारी व्यवस्था में सकारात्मक सुधार की उम्मीद की जा रही है।

# पदोन्नति, अनापत्ति सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ. टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में संभागीय संयुक्त संचालक आर.एल. ठाकुर के कवर्धा प्रवास के दौरान रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में मुलाकात कर शिक्षकों के पदोन्नति, उच्च परीक्षा अनुमति, कॉउंसलिंग में समस्त रिक्त पदों का प्रदर्शन, प्रतिनियुक्त प्राचार्य का पदांकन आदि मुद्दों पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान प्रतिनिधियों ने बताया कि कई शिक्षकों ने सत्र 2022-23, 2023-24, 2024-25 व विर्तमान सत्र में उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विधिवत आवेदन आवेदन किया है, लेकिन कुछ शिक्षकों को आज पर्यन्त तक अनुमति नहीं मिला है। सहायक शिक्षक से शिक्षक तथा शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर अविलंब पदोन्नति की मांग रखा गया।

पदोन्नति पश्चात पदांकन के लिए किए जाने वाले कॉउंसलिंग में संभाग के समस्त रिक्त पदों को प्रदर्शित करने का पक्ष रखा गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रतिनियुक्त प्राचार्य (व्याख्याता संवर्ग) की प्रतिनुयुक्ति से वापसी पर पदांकन के लिए स्कूलों का विकल्प चयन का अवसर देने पर चर्चा किया गया।

जेडी ने इन मुद्दों पर शीघ्र ही कार्यवाही का भरोसा दिया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, राजेश कौशिक, रंगलाल बारले, नरेंद्र चंद्रोल, देवन धुर्वे आदि उपस्थित रहे।

# सहसपुर लोहारा में आवारा कुत्तों का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नगर पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र अंतर्गत आवारा कुत्तो का बढ़ रहे संख्या को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया जा रहा है संचनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नया रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उनकी टीम तथा पशु चिकित्सा विभाग पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जा रहा है पशु चिकित्सा सेवाएं कबीरधाम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नगर क्षेत्र में कुल 112 आवारा कुत्ते है। प्रतिदिन आवारा कुत्तों का टीकाकरण जारी रहेगी इसके अलावा नगर के संपूर्ण 15 वार्ड मे कुत्तो के भोजन के लिए फीडिंग पॉइंट चिन्हांकित कर आवश्यक व्यवस्था जा रही है ताकि आवारा कुत्तो का अनियंत्रित रूप से काट कटने से रोका जा सके निकाय क्षेत्र अंतर्गत निवासरत लोगों से अपील की जा रही है कि चिन्हांकित निर्धारित स्थल पर ही कुत्ते के लिए भोजन डालें अन्य जगह नहीं डालें।

# पंडरिया कॉलेज में विकसित भारत के लिए खेल अति महत्वपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में स्वस्थ परंपराओं का जीवंत प्रतिपादन कर बेहतरीन आयोजन कॉलेज में स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें प्राचार्य मधुसूदन राजपूत ने अपने अध्यक्षीय भाषण में खेल का महत्व बताते हुए सबका आभार व्यक्त किया। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी ने ज्ञान वर्धक बातों के साथ सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं अर्पित की। इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रमुख रूप से जनभागी दारी सदस्य, सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक शर्मा के साथ युवा मोर्चा महामंत्री पुरन सिंह राजपूत, समस्त कॉलेज शिक्षक शिक्षिकाएं तथा बहुतायत संख्या में छात्र छात्राएं ने अपनी सहभागिता निभाई।

### जिले में युवाओं को रोजगार का अवसर, 3 दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प आयोजित

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 03, 04 एवं 05 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 03 दिसंबर 2025 को चौहान आटोमोबाईल एलएलपी, मारूती सुजुकी एरेना, ब्रांच कवर्धा द्वारा पद सर्विस एडवाईजर के 05 एवं टेक्निकल एडवाईजर के 05 पद, टेक्निशियन के 10 पद, ड्राईवर के 03 पद के लिए कैंप का आयोजन किया गया। 04, 05 दिसंबर 2025 को एस.आई.एस. लिमिटेड, क्वारम बिल्डिंग, पॉचवा तल, वीआईपी रोड, बेबीलोन टावर के सामने, रायपुर द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों पर भर्ती किया जाना है। सिक्यूरिटी गार्ड के लिए ऊॅचाई 168 सेंटीमीटर, वजन 56 किलोग्राम होना चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो, ड्राईविंग लायसेंस व अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है। इसके लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### जिले के दिव्यांगजनो की अद्भुत प्रतिभा व क्षमता है अनुकरणीय-कलेक्टर

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर नि:शक्त खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी, कवर्धा में दिव्यांगजनों के सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी दिव्यांगजनों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा सहित कुल 10 दिव्यांग खिलाड़ियों एवं प्रतिभावान दिव्यांगजनों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यागजनों को विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए गए, जिनमें 7 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, 1 को हाथ से चलने वाली ट्रायसाइकिल, 1 को वॉकर, 1 को बैसाखी तथा 12 दृष्टिबाधित बच्चों को श्वेत छड़ी प्रदान की गई। दिव्यांगजनों ने छत्तीसगढ़ शासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि जिले के दिव्यागजनों में अद्भुत प्रतिभा, क्षमता और आत्मविश्वास है, जो हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक दिव्यांगजन तक शासन की सभी सुविधाएँ पहुँचे। आज प्रदान किए गए सहायक उपकरण उनके दैनिक जीवन को और अधिक स्वावलंबी एवं सुगम बनाएंगे। इस अवसर पर दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों द्वारा भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। विकासखंड पंडरिया के ग्राम सोढ़ा से आए दृष्टिबाधित शिक्षक नंदकुमार चंद्रवंशी द्वारा कविता वाचन किया गया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पंडा ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर निज सहायक सांसद गजराज सिंह, गनपत बघेल, श्रीमती सतविंदर पहुजा, संजय मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी के अधीक्षक देवकुमार कौशिक सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।।

# दामापुर पंचायत कोदवाकला में मितानिनों का सम्मान

- छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक सेवा करने वाले मितानिनों का बढ़ाया मान-अश्वनी यदु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव




छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मितानिन दीदीयों का सम्मान समारोह आयोजित कर मितानिन दीदियों के कार्यों को सम्मान दिया है स्वास्थ्य व्यवस्था का रीढ़ की हड्डी के रूप में मितानिन दीदी कार्य करते है, एक महिला का प्रेग्नेंसी से लेकर डिलिवरी तक उनके उत्तम स्वास्थ्य जच्चा बच्चा का निरंतर जाँच की जिम्मेदारी मितानिन दीदियों के कंधो पर ही होती है, आज दामापुर बाजार में सरपंच बहादुर खान के अगुवाई में सम्मान समरोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी मितानिन दीदियों का सम्मान करते हुए अश्वनी यदु ने कहा की जबसे मितानिन दीदियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग में जिम्मेदारी मिली है तब से शिशु मृत्यु दर में कमी आई है, कुपोषित बच्चे पैदा होना लगभग बंद हो गया है, वंही सरपंच पबहादुर खान ने कहा की मितानिन दीदीयों की अहम जिम्मेदारी होती है सरकार की हर जन हितैषी योजना को जन जन तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका निभाती है आज के सम्मान समारोह में मुख्य रूप से उत्तरा बनर्जी डी आर पी,राम प्यारी पाठे,पार्वती यदु, पूर्णिमा यादव ग्राम पंचायत पंच नारायण साहू,कुंती बनर्जी,उमेंद यदु,भरत गेंदले, रजनी,पुनौतीन बाई रोजगार सहायक रेवती साहू, सचिव सुखनन्दन चंद्राकर जय जय चौहान छेदी कुम्भकार एवं अश्वनी यदु जी सभापति(प्र.) जनपद पंचायत पंडरिया की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### मुख्य जीवन बीमा सलाहकार रवि सोनी लंदन में होगा सम्मानित



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जीवन बीमा निगम में लगातार 19 वर्षो से उत्कृष्ठ कार्य कर, बीमा धारकों की सेवा करने वाले एवं नए अभिकर्ताओ की नियुक्ति करने वाले कवर्धा के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार रवि सोनी ने एलआईसी द्वारा आयोजित मिशन एक्सीलेंस प्रतियोगिता में टॉप लेवल में क्वालीफाई किया है। पुरुस्कार स्वरुप रवि सोनी को 05 से 10 दिसंबर के बीच लंदन में सम्मान होगा। इस उपलब्धि पर निगम के अधिकारियों, पॉलिसीधारकों, अभिकर्ताओ, रिश्तेदारो, मित्रों ने बधाई और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। मिली जानकारी के अनुसार रवि सोनी ने अभी तक 200 से ज्यादा बेरोजगार लोगो को अभिकर्ता के रूप में जोड़ा है जो आज अभिकर्ता बनकर बेहतर जीवन शैली जी रहे है।

### महा परीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए दीवाल लेखन कार्य



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत 7 दिसंबर दिन रविवार को महा परीक्षा अभियान का आयोजन होने जा रहा है, जिसके व्यापक प्रचार हेतु नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर की मार्गदर्शन में ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर (प्रधान पाठक ) के द्वारा प्रत्येक गली-मोहल्ला में दीवाल लेखन का कार्य तथा लोगों से संपर्क कर आगामी महा परीक्षा अभियान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सभी शिक्षार्थियों से अपील की गई की 7 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में आकर सुबह 10से शाम 5 बजे तक उल्लास नवभारत साक्षरता की मूल्यांकन परीक्षा में अवश्य भाग ले तथा स्वयं को शिक्षित होने से वंचित ना रखें। इस कार्य को सफल बनाने में ग्राम के पंचायत में नियुक्त वीटीएस श्रीमती चंद्रा यादव, श्रीमती संतोषी टंडन, श्रीमती रत्ना निषाद, ओमप्रकाश निर्मलकर, दीपक कुमार कश्यप, सुदर्शन चंद्राकर, होरीलाल चंद्राकर, दिनेश बंजारे, कुमारी लल्ली बार्वे, पूजा चंद्रवंशी, संध्या यादव, दामेंश्वरी पटेल, रामवती पटेल तथा ग्राम के बुजुर्ग उपस्थित थे।

# अभ्युदय स्कूल में देशभक्ति, संस्कृति और विज्ञान का वार्षिक उत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ज्ञान, संस्कृति और नवाचार के संगम का अद्भुत दृश्य मंगलवार को अभ्युदय स्कूल कवर्धा में वार्षिक उत्सव अत्यंत भव्यता और अनुशासन के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और सांस्कृतिक वैभव का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे समारोह का संचालन विद्यालय की थीम जय किसान, जय जवान, जय विज्ञान के अनुरूप किया गया, जिसने कार्यक्रम को गहरा राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, चेयरमैन अभिषेक सिंह, ट्रस्टी मेंबर डॉ एके श्रीवास्तव, आनंद सिंह, सुरेश चोपड़ा, निर्देशक प्रमोद अग्रवाल, श्रीमती श्रेया टेकरीवाल, सौरभ अग्रवाल और सपन चोपड़ा, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा और प्राचार्य तोरण साहू की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक वंदन, तिलक एवं सम्मान-समारोह के माध्यम से अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। साथ ही स्काउट्स एवं गाइड्स के अनुशासित दल द्वारा आकर्षक स्कॉट प्रस्तुत कर अतिथियों को विशेष सम्मान अर्पित किया गया, जिससे पूरा वातावरण सौहार्द और उत्साह से भर गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय बैंड की मधुर लय के साथ हुआ, जिसके बाद दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रस्तुतियों में बच्चों ने किसान की मेहनत, मिट्टी की खुशबू और ग्रामीण भारत की जीवंतता को सांस्कृतिक नृत्य और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से मंचित किया। जैसे-जैसे शाम आगे बढ़ी, मंच पर देश के विविध रंग उभरते गए जिसमें पंजाब की लयबद्धता, महाराष्ट्र की पारंपरिक ऊर्जा, छत्तीसगढ़ की हरियाली, तो कभी दक्षिण की संस्कृति की कोमल आभा।

तत्पश्चात सैनिकों की शौर्य गाथा, आजादी के संघर्ष, 1947 और 1971 के युद्ध प्रसंग, कारगिल के साहस, सियाचिन की कठोरता और भारत की सैन्य परंपरा को बेहद भावपूर्ण और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विज्ञान और तकनीक पर केंद्रित दृश्यावलियों ने कार्यक्रम को आधुनिकता का स्पर्श दिया। अंतरिक्ष, मिसाइल प्रगति, वैज्ञानिक उपलब्धियां और पारंपरिक ज्ञान से आधुनिक तकनीक तक की यात्रा को बच्चों ने अत्यंत सशक्त प्रस्तुति के साथ दर्शाया, जिसने समूचे समारोह को नई दिशा दी। अंतिम चरण में देश के विभिन्न राज्यों की रंग-बिरंगी झलकियों, सामूहिक नृत्यों, समूह गीतों और नाट्य अंशों ने पूरा वातावरण एकता, राष्ट्रभाव और सांस्कृतिक अखंडता से भर दिया।

इसके उपरांत संस्था प्राचार्य तोरण साहू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की उपलब्धियों एवं विविध शैक्षिक-सहशैक्षिक गतिविधियों का सारगर्भित विवरण दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों की सहभागिता कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक अत्यावश्यक तत्व है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उससे आगे बढ़कर विद्यार्थियों को कौशल आधारित अधिगम की ओर अग्रसर करना समय की आवश्यकता है। तदुपरांत कक्षा 12वीं कॉमर्स विद्यार्थी लब्धि जैन, आस्था लुनिया और अभिनव सोनी, विज्ञान वर्ग से केशव सोनी, अविष्का झा और हरलीन कौर बग्गा, कक्ष 10 वीं से नीरव यादव, अनिका राठौर और दामिनी नवरंग को सम्मान जनक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विगत वर्ष बोर्ड परीक्षाओ में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले तथा 80 प्रतिशत से अधिक लेकर आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 15000 व 10000 हजार का चेक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया ताकि आने वाले समय में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता रहे।







### विद्यालय का नाम उनकी माता के नाम पर स्थापित सुधा देवी ट्रस्ट से जुड़ा हैः श्री सिंह

मुख्य अतिथि एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम को अद्भुत, प्रेरणादायी और राष्ट्रीय चेतना से परिपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यालय की थीम जय किसान, जय जवान, जय विज्ञान को आज के भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और देशभक्ति तीनों का समन्वित रूप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियों ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और राष्ट्रभावना को जिस सशक्त स्वर में अभिव्यक्त किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। डॉ सिंह ने बताया कि विद्यालय का नाम उनकी माता के नाम पर स्थापित सुधा देवी ट्रस्ट से जुड़ा है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा मेरी माता ने सुबह से शाम तक अपने बच्चों की शिक्षा और चरित्र निर्माण हेतु अपनी संपूर्ण शक्ति, समय और संस्कार न्यौछावर कर दिए। वही मूल्य आज भी मेरी प्रेरणा हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किस पृष्ठभूमि से आते हैं, यह मायने नहीं रखता। महत्वपूर्ण है आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और लगन। देश के जिन महान व्यक्तित्वों ने ऊंचाइयां पाई पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर सभी साधारण पृष्ठभूमि से उठकर ही राष्ट्र के शीर्ष स्थानों तक पहुंचे हैं। उन्होंने अंत में विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की प्रशंसा की और कहा कि अभ्युदय स्कूल न केवल शिक्षा दे रहा है, बल्कि चरित्रवान, जागरूक और राष्ट्रप्रेम से भरपूर नागरिक तैयार कर रहा है। इसके उपरांत विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानपूर्वक स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए।

### शिक्षा तभी पूर्ण होती है जब उसमें संस्कार और सार्थकता का समुचित समावेश होः अभिषेक

विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में भारत और छत्तीसगढ़ के जयघोष के साथ बच्चों की अद्भुत प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थी न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले और राज्य के गौरव के प्रतीक हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह के लगभग 40 वर्षो के दीर्घ राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी सहजता, सरलता और सदैव मुस्कुराते रहने का स्वभाव ही उन्हें जन-नेता बनाता है। श्री सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मंच पर विराजमान सभी अतिथि अपने जीवन का निचोड़, अपना अनुभव, अपनी प्रेरणा लेकर हमारे बच्चों को दिशा देने पहुंचे हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण होती है जब उसमें संस्कार और सार्थकता का समुचित समावेश हो, इनके बिना जीवन अधूरा रह जाता है।

### जीवन में चरित्र, अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों का होना अनिवार्यः उपमुख्यमंत्री

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि जीवन में केवल सफल होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अर्थपूर्ण होना अधिक महत्वपूर्ण है और इसके लिए चरित्र, अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों का होना अनिवार्य है। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने कई ऐतिहासिक पहलें देखीं। उन्होंने विशेष रूप से खाद्यान्न योजना का उदाहरण देते हुए बताया कि इस योजना ने समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाया क्योंकि पहले समाज में काम देने वाले दाम तय करते थे, लेकिन इस योजना के बाद काम करने वाले अपने दाम स्वयं तय करने लगे। यह आत्मसम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम था। उन्होने अभ्युदय विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए बच्चों को स्किल्ड, सक्षम और अर्थपूर्ण जीवन जीने योग्य बनाने के लिए विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## कार्रवाई: पुलिस टीम ने अब तक 64 लाख का अवैध धान जब्त किया

# जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विगत 15 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी के तहत खरीफ विपणन वर्ष के तहत जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया के बीच अवैध धान परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन की लगातार प्रभावी कार्यवाही की जारी है। अब तक संयुक्त टीमों द्वारा 34 विभिन्न प्रकरणों में 2091 क्विंटल से अधिक अवैध धान जप्त किया गया है, जिसकी कीमत 31 सौ रूपए की दर से लगभग 64 लाख 82 हजार रुपए होती है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए खरीदी से जुड़े सभी विभागों को निरंतर मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जिले के सीमावर्ती चेकपोस्टों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि उड़नदस्ता दल लगातार संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी रखते हुए संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहा है। इसके अलावा अवैध धान आवक की रोकथाम के लिए राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीमें सीमावर्ती इलाकों में औचक निरीक्षण कर रही है।

### 4742 बोरियां धान जप्त, 14 वाहनों पर वैधानिक जप्ती की गई




कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए खरीदी से जुड़े सभी विभागों को निरंतर मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 34 अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 4742 बोरियों में 2091.20 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 64 लाख 82 हजार रुपए बैठता है। कार्यवाही के दौरान अवैध परिवहन में संलग्न 14 छोटे एवं बड़े वाहनों को भी जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई।



### विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघ द्वारा कुंडा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सात सूत्रीय मांगों को लेकर तथा किसान की समस्या के देखते हुए संघ द्वारा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है संघ द्वारा किसान की समस्याओं के लिए लगातार संघ साथ खड़े हैं, ताकि किसी भी प्रकार के किसान को समस्या ना रहे इसलिए आज कुंडा ब्लॉक की पदाधिकारी द्वारा तहसीलदार को किसान के समस्याओं की समाधान के लिए ज्ञापन दिया गया।

जिसमें प्रमुख समस्या एग्री टेक अप में किसानों का रकबा गायब होना, डीसीएस और पटवारी के द्वारा अलग-अलग फसल भरना, निरीक्षण टीम द्वारा भौतिक सत्यापन करने के बाद भी एकीकृत पोर्टल में फसल विवरण की प्रविष्टि नहीं हुई है जबकि फसल विवरण में धान ही दिखाया जा रहा है, किसानों को धान की बीमा की राशि प्राप्त नहीं होना, सरकार द्वारा धान का नया एवं संशोधन की समय सीमा बढ़ाया जाए व किसानों का टोकन काटने के बाद भी क्विंटल की कमी आ रही है तथा सरकार द्वारा पंजीयन एवं संशोधन कार्य को 15 दिवस बढ़ाया गया उसके बाद भी सोसायटी में संशोधन कार्य नहीं किया जा रहा है और किसानों को बहुत परेशानी हो रहा है। जिस पर धान संशोधन की समय 15 दिवस बढ़ाने की अपील तथा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कुमार चन्द्राकर व ग्रामीण किसान रामशिव चंद्राकर, शिवकुमार चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, सहदेव चंद्राकर, शोभा, ओमप्रकाश, गजपाल, दिलीप, जलेश्वर यादव, हरेंद्र तिवारी, ध्रुवराम चंद्राकर, मुकेश साहू, धर्मेंद्र चंद्राकर, मेलु साहू, नंदकुमार यादव व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## धान फसल उत्पादन कम आने से किसानों में निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव, दामापुर, कुंडा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों की चिंता साफ दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि इस बार खरीफ धान फसल की उत्पादन कम होने से किसानों के चेहरे में भारी निराशा दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया



कि धान फसल के उत्पादन को लेकर किसान द्वारा अपने-अपने धान फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार की दवाइयां का उपयोग व अधिक खर्च किया गया, लेकिन धान फसल में बढ़ती लगातार बीमारियां एवं कीड़ा के प्रकोप से धान फसल के उत्पादन कम होने से किसानों को भारी आर्थिक व किसानों में भारी निराशा दिखाई दे रहा है।

### नामदेव समाज कल्याण समिति में 5 दिसंबर को होगा जिलाध्यक्ष का चुनाव

**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम नामदेव समाज कल्याण समिति की मासिक जिला बैठक एवं जिलाध्यक्ष का चुनाव 05 दिसंबर शुक्रवार को आयोजित होगा। समिति के अनुसार बैठक दोपहर 2 बजे नामदेव सामाजिक भवन कवर्धा में प्रारंभ होगी। नियमित सामाजिक चर्चा और मासिक आय-व्यय विवरण के साथ ही इस बैठक का मुख्य विषय जिलाध्यक्ष पद का पुनः चुनाव रहेगा। समिति के वर्तमान जिलाध्यक्ष ने पूर्व में दिए गए प्रस्ताव में कहा था कि पदों का चुनाव खुले और लोकतांत्रिक तरीके से सभी सदस्यों की उपस्थिति में होना चाहिए। इसी आधार पर समिति ने निर्णय लिया है कि नए निर्वाचन तक वे कार्यवाह जिलाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहेंगे। समाज में उनके कार्यकाल को लेकर सकारात्मक माहौल है तथा किसी प्रकार का मतभेद नहीं है, फिर भी परंपरागत प्रक्रिया के तहत चुनाव कराने की सहमति व्यक्त की गई है। चुनाव प्रक्रिया दोपहर 3 बजे शुरू होगी। जिलाध्यक्ष पद के लिए 40 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और महिला सदस्य दावेदारी प्रस्तुत कर सकेंगे। समाज-विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त, समाज की राशि बकाया रखने वाले परिवार तथा वे सदस्य जिनकी वर्षभर में कम से कम दो बैठकों में उपस्थिति नहीं रही, निर्वाचन प्रक्रिया से बाहर रहेंगे। नामांकन के लिए आधार कार्ड एवं निर्धारित शुल्क 4 दिसंबर की मध्यरात्रि तक समिति के अधिकृत माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। समिति ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर शांतिपूर्ण और आदर्श निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग देने की अपील की है।

### विकास, अधोसंरचना निर्माण व जन आकांक्षाओं की पूर्ति से पंडरिया विधानसभा सतत विकास पथ पर अग्रसर

# जनता की सेवा, सुरक्षा, सम्मान व क्षेत्र का विकास ही हमारा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



बुधवार को छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को अपना स्पष्ट जनादेश देते हुए छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई गति एवं दिशा दी। इन विगत दो वर्षो में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व विकास कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ को पुनः विकास के पथ पर अग्रसर किया। महिला, किसान, युवा, वरिष्ठजन हर व्यक्ति एवं वर्ग के लिए योजनाओं के संचालन से लेकर उनके हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसी कड़ी में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी 2 वर्षो में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विकास को नई गति दी, भावना दीदी की गारंटी उन्होंने जनता की सेवा, सुविधा, सम्मान और सुगमता के लिए किए अपने संकल्पों को धरातल पर उतारा है, जिससे आज वहां स्वास्थ्य, शिक्षा, सशक्तिकरण, विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो से एक नए विकसित पंडरिया का निर्माण हो रहा है।

2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि सेवा, संवेदना, सशक्तिकरण और सतत विकास के दो वर्ष पूर्ण के अवसर पर मुझे अपनी सेवा एवं पंडरिया विधानसभा के विकास का सौभाग्य प्रदान करने के लिए विधानसभा के मेरे परिवारजनों एवं अपने जनादेश से प्रदेश में सुशासन स्थापित करने के लिए समस्त प्रदेशवासियों के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

उन्होने केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और उन सभी हजारों देवतुल्य कार्यकर्ताओं का भी आभार जो दिन-रात मेरे साथ इस सफर में कदम से कदम मिलकर पूरे समर्पण भाव से कार्य किया। विगत दो वर्षो में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास के नए अध्याय लिखे हैं। मोदी की गारंटी में किए गए वादों को पूरा करते हुए जन-जन के चेहरों पर मुस्कान एवं घर में सुख-समृद्धि का प्रवाह किया है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता, 3100 रूपए में किसानों से धान खरीदी, दो वर्ष का बकाया बोनस, युवाओं के लिए सरकारी नौकरी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र अभूतपूर्व कार्य, विकास व अधोसंरचना निर्माण से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने का अतुलनीय कार्य हुआ है। 2 वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या चरम पर थी और नक्सल का गढ़ कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में आज केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अब प्रदेश में लाला आतंक समाप्ति की ओर है और नक्सल ग्रस्त इलाकों में विकास व सुशासन का सूर्योदय हो रहा है।

#### विस में पूरी हो रही जनता की मांगें

भावना दीदी की गारंटी में हमने पंडरिया विधानसभा में महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए 8 निःशुल्क बसों का संचालन हो रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 8 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा एवं मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के संचालन से लगभग 40000 हजार से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिला है। लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग में 250 से अधिक बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग मिल रही है। रणवीरपुर एवं पांडातराई में उप तहसील कार्यालय की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों व नगरों में सड़कों के निर्माण, जल एवं बिजली आपूर्ति, अधोसंरचना निर्माण, स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण एवं विभिन्न विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं के विस्तार के लिए 400 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है जिसमें कई निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं कुछ प्रगति पर हैं।

### गुरुकुल में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन




**हरिभूमि कवर्धा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा भारतीय भाषाओं के महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए 14 दिसंबर तक भारतीय भाषा उत्सव-2025 पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले सीबीएसई मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव-2025 का विशेष आयोजन प्रातः कालीन सभा में किया गया। प्राचार्य मनोज राय एवं प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार के सर्वांमुखी विकास के लिए आर्शीवाद की कामना की गई। मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि भाषायी दृष्टि से समृद्ध एशिया महादेश के विशिष्ट देश भारत की भाषायी विविधता के महत्व को विद्यार्थियों से अवगत कराने के लिए आयोजित इस सभा में नवीं की छात्रा श्रेया मारकंडे ने भारतीय भाषा पर आधारित आज के शुभ विचार को व्यक्त किया। सौम्या बंजारे ने अपने भारतीय भाषा से संबंधित आलेख के द्वारा भारतीय भाषा की समृद्धि को रेखांकित किया। छात्रा डुवीशा गढ़ेवाल ने भारतीय भाषा से संबंधित प्रश्नोत्तरी के द्वारा सभी के सामान्य ज्ञान में वृद्धि की। कक्षा पांचवी के छात्राओं ने हमारी भाषा हिंदी भाषा के मधुर गीत पर नयनाभिराम नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस पखवाड़े में प्रतिदिन भारतीय भाषाओं से संबंधित प्रस्तुति तथा हिंदी लघु नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में भाषा को अस्मिता की पहचान के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि भाषायी विविधता वाले देश में सभी भाषाएं अपनी पहचान बनाई हुई हैं, जो हमारी विशिष्टता है। मंच संचालन कक्ष 9वीं की छात्राएं अनन्या राय तथा आयुषी तंबोली ने किया। उत्सव के आयोजन में शिक्षिका विद्या बंजारे, भारती गोस्वामी तथा शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही ने विशेष भूमिका निभाई। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को भारतीय भाषा उत्सव की शुभकामनाएं प्रदान कीं।